Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to run an additional train on Latur-Mumbai route.-laid

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे (लातूर): लातूर-मुंबई मार्ग पर यात्रियों की भीड़भाड़ बहुत है। इस मार्ग पर ट्रेन नंबर 22108 (लातूर मुंबई) सप्ताह में चार दिन चलती है तथा शेष तीन दिन ट्रेन नंबर 22144 बीदर – लातूर होते हुए मुंबई तक चलती है। विगत कई दशकों से इस मार्ग पर कोई नई गाड़ी नहीं चलाई गई है जबकि इस मार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में कई गुणा बढ़ोत्तरी हो चुकी है। यात्रियों की भारी भीड़ के कारण इस गाड़ी में पैर रखने तक की जगह नहीं होती तथा गाड़ी के सभी स्थान , फर्श, सामान रखने तक की जगह यात्रियों से पूरी तरह भरी रहती है। वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं व बच्चों का तो इस गाड़ी में चढ़ना तक मुश्किल हैं । यहां तक कि असंभव रहता है। इस कारण यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है तथा इस क्षेत्र की आम जनता में काफी रोष एवं असंतोष व्याप्त है। अत: मेरा सरकार से अनुरोध है कि यात्रियों की असुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लातूर-मुंबई मार्ग पर कम से कम एक और अतिरिक्त गाड़ी चलाई जाए जिसमें सभी श्रेणियों के पर्याप्त संख्या में डिब्बे उपलब्ध हों । इस बीच जब तक नई रेल चलाने हेतु आवश्यक प्रबंध किए जाएं तब तक उल्लिखित दोनों गाड़ियों में एसी प्रथम, एसी द्वितीय तथा एसी तृतीय श्रेणियों में प्रत्येक के कम से कम 2 और डिब्बे और जोड़े जाएं ताकि इस मार्ग पर यात्रियों की कठिनाईयों में कुछ हद तक कमी हो सके।